# भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी, अभिकल्पना एवं विनिर्माण संस्थान, कांचीपुरम

## INDIAN INSTITUTE OF INFORMATION TECHNOLOGY, DESIGN AND MANUFACTURING, KANCHEEPURAM

---

**प्रो. एम. वी. कार्तिकेयन**
**निदेशक**

## हिंदी दिवस संदेश - 2025

आई.आई.आई.टी.डी.एम. कांचीपुरम परिवार के प्रिय सदस्यो,

'हिंदी दिवस' के अवसर पर आप सबको मेरी हार्दिक शुभकामनाएँ!

भारत एक अद्भुत देश है। इसकी प्राचीन संस्कृति, ऐतिहासिक धरोहरें और सांस्कृतिक विविधता अत्यंत निराली और अनिर्वचनीय है। इसीलिए प्रसिद्ध शायर इकबाल ने लिखा था- 'सारे जहाँ से अच्छा हिंदुस्तान हमारा'। भारत, भाषाओं का विशाल देश है। यहाँ 22 आधिकारिक भाषाएँ और 1900 से भी अधिक बोलियाँ बोली जाती हैं। इन विभिन्न भाषायी समुदायों को एक छत्रछाया में लाने का महत्वपूर्ण कार्य हिंदी करती है। इस योगदान को देखते हुए हिंदी को संघ की राजभाषा के रूप में 14 सितंबर 1949 को स्वीकार किया गया था और इसी कारण से 14 सितंबर को 'हिंदी दिवस' के रूप में मनाया जाता है।

भारतवर्ष को अनुसंधान के क्षेत्र में प्रगति-पथ पर अग्रसर कराने वाले देश के प्रतिष्ठित संस्थानों में भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी, अभिकल्पना एवं विनिर्माण संस्थान कांचीपुरम भी एक है। यहाँ युवा प्रतिभाओं को निखारने के लिए जितना महत्व दिया जाता है उतना ही महत्व राजभाषा के प्रचार-प्रसार के लिए भी दिया जाता है। इस संस्थान ने राजभाषा नीतियों और नियमों के प्रभावी कार्यान्वयन हेतु अनेक कदम उठाए और उनमें सफल भी रहा है। मुझे पूरा विश्वास है कि यह संस्थान राजभाषा के क्षेत्र में आगे बढ़ता रहेगा और भविष्य में भी नई-नई उपलब्धियाँ हासिल करता रहेगा।

जय हिंद!